समाचार

दर्री क्षेत्र में दर्जनभर अतिक्रमणों को हटाया निगम अमले ने

कोरबा 03 जून 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर दर्री जोन के सरदार वल्लभभाई पटेलनगर चौक में अवैध रूप से संचालित ठेला, गुमठी, ढाबा तथा बांस बल्ली लगाकर किए गए लगभग एक दर्जन अतिक्रमणों को आज निगम के अतिक्रमण दस्ते न हटा दिया तथा संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि वे पुनः अतिक्रमण का प्रयास न करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेलनगर चौक में अवैध रूप से ठेला, गुमठी रखकर तथा बांस बल्ली टांगकर ढाबे का संचालन कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा था। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय से प्राप्त निर्देशों के तहत जोन कमिश्नर श्री ए.के.शर्मा की अगुवाई में निगम के अतिक्रमण दस्ते ने आज कार्यवाही करते हुए इन सभी अतिक्रमणों को स्थल से हटा दिया तथा उक्त स्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री योगेश राठौर ने बताया कि इन अतिक्रमणकारियों को पूर्व में समझाईश दी गई थी कि वे अवैध कब्जों को हटा लें किन्तु उनके द्वारा स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, आज अतिक्रमण दस्ते ने कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल से लगभग दर्जनभर अतिक्रमणों को हटा दिया, साथ ही उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वे पुनः अतिक्रमण न करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी।

अतिक्रमण पर रखें सतर्क नजर, करें त्वरित कार्यवाही– आयुक्त श्री प्रभारकर पाण्डेय ने निगम के मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने कार्यस्थलों में अतिक्रमण पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी अतिक्रमण, अवैध कब्जा दिखे, उसकी तत्काल सूचना अतिक्रमण दस्ते को दें, साथ ही यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी नया अतिक्रमण न होने पाएं। उन्होने अतिक्रमण दस्ता प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त होते ही अविलंब अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करें।